पत्रांक-भ0उ0वि0/यो0(मुक0)-64/2026-...../ पटना, दिनांक

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः- समादेशवाद सं.-11719/2026, मणीशंकर झा बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक-28.08.2026 को पारित न्यायादेश के आलोक में ₹8,06,434/- (आठ लाख छः हजार चार सौ चौतीस रूपये) मात्र की वित्तीय वर्ष 2026-27 में व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक समादेशवाद सं.-11719/2026, मणीशंकर झा बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक-28.08.2026 को पारित न्यायादेश के आलोक में ₹8,06,434/- (आठ लाख छः हजार चार सौ चौतीस रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि मांग संख्या-03 के मुख्य शीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-उपमुख्य शीर्ष-80-सामान्य-लघु शीर्ष-053-रखरखाव तथा मरम्मत-उपशीर्ष-0001-अनुरक्षण और मरम्मत-मतदेय विपत्र कोड-03-2059800530001 के विषयशीर्ष-27-लघु कार्य-0001.27.02-अनुरक्षण एवं मरम्मत" के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

3. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

4. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल, मधुबनी होगें।

5. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, मधुबनी से की जायेगी। साथ ही निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा की वे राशि के व्यय के पूर्व एजेंसी द्वारा इस कार्य के संबंध में संतुष्ट हो कर नियमानुसार भुगतान करेंगे।

6. प्रस्ताव में विभागीय सचिव का आदेश प्राप्त है।

7. प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं.सं.- भ0उ0वि0/यो0(मुक0)-64/2026 के पृष्ठ-15/टि. पर प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/-

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक- पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-वित्त विभाग(बजट शाखा) एवं कोषागार पदधिकारी, जिला कोषागार, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक- 175 (ग) पटना, दिनांक- 4/11/26

प्रतिलिपि-मुख्य अभियंता(उत्तर), बिहार/निरूपण उपभाग/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैद्यिक/अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा/उप निदेशक-1 एवं 2/कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल, मधुबनी/बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी(बजट)/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/11/26

सरकार के अपर सचिव।